हरियाणा को मिला ‘खेलों को बढ़ावा देने के लिये श्रेष्ठ राज्य पुरस्कार’

चर्चा में क्यों?

19 मार्च, 2022 को हरियाणा को ‘खेलों को बढ़ावा देने के लिये श्रेष्ठ राज्य पुरस्कार’ प्रदान किया गया। लगातार तीन वर्ष के विजेता ओडिशा और अन्य राज्यों को पछाड़कर हरियाणा ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।

प्रमुख बिंदु

- एसीईएस स्पोर्ट्स स्टार अवार्ड्स हिंदु ग्रुप द्वारा आयोजित वार्षिक स्पोर्ट्स अवार्ड्स समारोह में हरियाणा के खेल मंत्री सरदार संदीप सिंह ने राज्य की ओर से ‘खेलों को बढ़ावा देने के लिये श्रेष्ठ राज्य पुरस्कार’ प्राप्त किया।
- इसके अतिरिक्त, हरियाणा के खिलाड़ियों ने राज्य के लिये आठ अन्य श्रेणियों में भी पुरस्कार प्राप्त कर राज्य का नाम रोशन किया।
- एसीईएस स्पोर्ट्स स्टार अवार्ड्स समारोह में हरियाणा के नीरज चोपड़ा को ‘स्पोर्ट स्टार ऑफ दी ईयर’ एवं ‘बेस्ट प्लेयर इन ट्रैक एंड फील्ड’ का पुरस्कार दिया गया।
- इसी प्रकार, सुमित अंतिल को ‘बेस्ट पैरा मेल स्पोर्ट्सपर्सन’; रवि दहिया को ‘व्यक्तिगत खेल में श्रेष्ठ खिलाड़ी’; सविता पुनिया को ‘टीम में श्रेष्ठ खिलाड़ी’; भारतीय हॉकी टीम (पुरुष) को ‘ओलंपिक (टीम) में बेस्ट मूवमेंट’ तथा ‘नेशनल टीम ऑफ दी ईयर’ और भारतीय हॉकी टीम (महिला) को ‘श्रेष्ठ टीम पुरस्कार’ से नवाजा गया। उल्लेखनीय है कि भारतीय हॉकी टीम (महिला) में नौ खिलाड़ी हरियाणा से थीं।
- इस वर्ष पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर की अध्यक्षता वाली जूरी ने ज़मीनी स्तर के खेल और ओलंपिक आंदोलन को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका के लिये हरियाणा को इस पुरस्कार के विजेता के रूप में चुना है।
- गौरतलब है कि हरियाणा सरकार वर्षों से खेलों को बढ़ावा देने के लिये लगातार प्रयासरत् है। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में हरियाणा के खिलाड़ियों द्वारा दिखाए गए जौहर और बड़ी संख्या में प्राप्त किये गए पुरस्कारों ने राज्य में लागू खेल नीति की सार्थकता सिद्ध की है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/best-state-award-for-promotion-of-sports